## सार-समाचार

### गुरु गोविंद सिंह की 359वीं जयंती मनाई

**मकराना,**(निस)।शहर में सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह की 359वीं जयंती शहर के बाइपास रोड स्थित गुरद्वारा में सोमवार को प्रकाशोत्सव के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सुबह गुरुवाणी, सुखमणि साहब के पाठ व शब्द कीर्तन किए गए। इसके पश्चात सामूहिक अरदास की गई। लोगों ने गुरद्वारा में पहुंचकर अरदास की। गुरद्वारा के सेवादार बाबा ईशर सिंह ने गुरू गोविन्द सिंह की जीवनी बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमेशा सत्य के मार्ग पर चलें और प्राणी मात्र के प्रति दया व करूणा का भाव रखें। गलत का विरोध जरूरी है।बाबा ईशर सिंह ने गुरू गोविन्द सिंह के पांच प्रेरणादायक वचनों के बारे में बताते हुए कहा-किसी को दिया वचन हर हाल में निभाना चाहिए। परनिंदा व चुगली से हमेशा बचें और ईर्ष्या भाव नहीं रखकर अपने लक्ष्य के लिए मेहनत करें। उन्होंने गुरूबानी को कंठस्थ करने और अपनी कमाई का दसवां हिस्सा दान में देने के लिए प्रेरित किया। सेवादार बाबा रणजीत सिंह ने कहा कि हर इंसान आधुनिक जीवन में काफी व्यस्त है परंतु उसे ईश्वर की वंदना व अरदास के लिए भी समय अवश्य निकालना चाहिए। सच्चाई पर चलते हुए अधिक से अधिक परोपकार व अच्छे काम करने का प्रयास करें। इस दौरान सिक्ख समुदाय के अलावा शहर के विभिन्न धर्म समुदाय के लोगों ने भी गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका एवं अरदास की। इस दौरान गुरुद्वारा में लंगर की भी व्यवस्था की गई जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाया। गुरुद्वारा में आए श्रद्धालुओं ने ही अपने हाथों से लंगर हेतु भोजन प्रसाद बनाया एवं व्यवस्थाएं संभाली।इस मौके पर बाबा ईशर सिंह, रंजीत सिंह, श्याम सुंदर स्वामी, खेमचंद मोहनानी, गुरमीत सिंह, मुरली विधाणी, दिलीप लधानी, महेश विधाणी, रंजीत सिंह, जोगेन्द्र सिंह, लाभ सिंह, तरनजीत सिंह, अरनजीत सिंह, नवजोत सिंह, रणदीप सिंह, पूरब राजौरा, गंगाराम मेघवाल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### कांग्रेसियों ने किया डोटासरा एवं जूली का स्वागत

**अजमेर,( कासं )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी एवं सांसद नासिर हुसैन के अजमेर आगमन पर कांग्रेसियों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता के नेतृत्व में अशोक उद्यान पर माला एवं साफा पहनकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर कमल बाकोलिया, अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिवकुमार बंसल, महेश चौहान, अशोक बिंदल, राजेंद्र नरचल, राज नारायण आसोपा ,राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ संजय पुरोहित, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव मामराज सेन, पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता, समीर भटनागर, डॉ ,स डी मिश्रा, कुश महेंद्र सिंह रलावता, प्रिंस ओबेडाय, शक्ति सिंह रलावता ,अहमद हुसैन, परवेज खान, फजलु खान, बिट्टू भाई, अशोक सुकरिया,हेमराज सिसोदिया अकरम खान, अकरम कुरैशी, बदरूद्दीन कुरैशी, पुष्पेन्द्र ओझा, सुवा चाचा, हरिप्रसाद दिवाकर, सतीश सैन, गंगा गुर्जर, सूरज गुर्जर, राजीव कछावा, नियमत चीता, अशोक चीता, आजाद लखन, संपत कोठारी, मुंशी खान, मुकेश सिंह राठौड़, भारत सिंह राणा, ऋषि धारू, योगेश जाटोलिया, बालकिशन, कृष्ण कुमार दीक्षित, शंकर गुर्जर, विशाल टाटीवाल, घनश्याम पंचोली, शाहबाज खान, रियाज शेख, मुनव्वर खान, यतीश सत्रावाला, हनीफ कायमखानी, लोकेंद्र सिंह, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बुधवार को रहेगा अवकाश

**अजमेर,** (कासं)। जिले के विद्यालयों में कक्षा एक से 8वीं तक के विद्यार्थियों का ठण्ड के पूर्वानुमान के कारण अवकाश घोषित किया गया है। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर जिले में शीतलहर शुरु होने व इसके असर के कारण तापमान में गिरावट होना संभावित है। जिले में ठण्ड के प्रकोप को देखते हुए बुधवार 8 जनवरी को जिले में संचालित कक्षा एक से 8वीं तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शीतलहर एवं ठण्ड के प्रभाव से बचाव एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के मद्देनजर विद्यालय में अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अवकाश केवल छात्रा-छात्राओं के लिए लागू रहेगा। स्टाफ यथावत कार्य करता रहेगा। प्रातः 10 बजे से कक्षा 9 से 12 तक समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित रहेगी। अवकाश के दौरान कक्षा संचालन करने पर आपदा प्रबन्धन अधिनियम-2005 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### बिजली बंद रहेंगी आज

**मसूदा,**(निसं)। मसूदा विधुत वितरण निगम के कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि 33/11 केवी सबस्टेशन अमर सिंह का बाड़िया के आवश्यक रखरखाव के चलते बुधवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी । जिससे 33 / 11 केवी सबस्टेशन अमर सिंह का बाड़िया से चलने वाले सभी 11 केवी फीडर लूलवा, झाक, नयागांव, खीमपुरा, नदंवाडा, धोलादाता से चलने वाले गांवो की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### शर्मा बने भिनाय मंडल अध्यक्ष

**बांदनवाड़ा,** (निसं)। अजमेर भाजपा जिला देहात के भिनाय मंडल अध्यक्ष पद पर कस्बे के देवेन्द्र शर्मा को निर्वाचित किया गया। भारतीय जनता पार्टी देहात के निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र भार्गव ने मंगलवार को अजमेर देहात के 17 मंडल अध्यक्षों की घोषणा करते हुए विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत की अनुशंषा पर देवेन्द्र शर्मा का निर्वाचन किया गया। शर्मा की नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों ने माला व साफा बंधवाते पटाखे व आतिशबाजी कर विधायक कानावत को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सरवाड़ खींची बनें दूसरी बार मण्डल अध्यक्ष

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने विधायक शत्रुघ्न गौतम की अनुशंसा पर युवा भाजपा नेता प्यारेलाल खटीक को भाजपा शहर मंडल दूसरी बार मनोनीत किया गया वहीं खटीक की नियुक्ति पर उनके समर्थकों ने भाजपा नेतृत्व का आभार जताते हुए खुशी का इजहार किया गया वहीं गौरतलब है कि प्यारेलाल खटीक सरवाड़ शहर से दूसरी बार भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बनें।

### पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन

**अजमेर,** (कासं)। रामनगर नृसिंहपुरा स्थित प्राचीन खेड़ापति हनुमान जी के मंदिर में आज पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया! मंदिर के महल सोमेंश शर्मा ने बताया कि स्वर्गीय नागेंद्र शर्मा की परंपराओं का निर्वाहन करते हुए खेड़ापति हनुमान जी के मंदिर में आज हनुमान जी की विशाल शोभा यात्रा निकालकर ठाकुर जी के दाल के हलवे एवं पकौड़ी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर आशीष अग्रवाल राकेश खंडेलवाल सुरेश चारभुजा राव तुषार सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सदगुरू बाबा ईसरदास साहिब जी का शताब्दी वर्सी महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**अजमेर,( कासं )** । अजयनगर स्थित बालाजी मन्दिर परिसर से विशाल शोभायात्रा संत महात्माओं व मातृशक्ति द्वारा कलश यात्रा का भव्य शुभारंभ हुआ। बाबा ईसरदास साहिब के शताब्दी महोत्सव पर भव्य शुभारम्भ की जयकारों व धर्म ध्वजा फहराते हुये कलश यात्रा अजयनगर के अलग अलग मार्गों से होते हुये ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम पर समापन हुआ। जगह जगह सामाजिक, धार्मिक, शैक्षिणक व व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने स्वागत पुष्पवर्षा व प्रसाद वितरण कर किया। पण्डित राजू महाराज ने भी पीपलेश्वर महादेव आरती का पूजन कर आर्शीवाद प्राप्त किया। प्रातः काल महामण्डलेश्वर हंसराम उदासीन, महंन्त स्वरूपदास व संत महात्माओं के सानिध्य में आश्रम स्थान पर रामायण का मूल पाठ का विधिवत पूजन कर 21 ब्राहमणों द्वारा पाठ का किया गया।

**श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभः-** स्वामी अशोकानन्द ने श्रीराम कथा के प्रसंग सुनाते हुये कहा कि महाराज ने कहा कि महादेव बनने के लिए विष पीना पड़ता है और जब विश्व गले के अंदर उतरता है तो वह विश्राम बन जाता है, संतो की दृष्टि जहां पड़ जाए जिस जगह पड़ जाए उसका जीवन धन्य हो जाता है। प्रथम दिवस रामकथा में भगवान शिव व सृष्टि पर प्रसंग सुनाए गए। कथा दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक किया जाएगा। 24 पण्डितों की मण्डली द्वारा व्यवस्था की गई। भण्डारे की सेवा हरी सेवा सनातन उदासीन आश्रम भीलवाड़ा के सहकार से हुआ।



विशाल शोभायात्रा संत महात्माओं व मातृशक्ति द्वारा कलश यात्रा का भव्य शुभारंभ हुआ।

**लाइव टेलिकास्ट व एलईडी पर भी व्यवस्थाः-**आश्रम से जुड़े भक्तों के लिए कथा स्थल पर हॉल के अलावा बाहर बड़े पाण्डाल में एलईडी की व्यवस्था की गई है, जिसमें माताएं व बहने बैठकर कथा का श्रवण कर रहीं है। वहीं दुसरी तरफ आश्रम के यूट्ययूब चैनल पर लाइव प्रसारण किया जा रहा है, जिससे देश-विदेश में रहने वाले सनातनी भी आनन्द उठा सकते है।

**रामलीला का मंचनः-**संत गौतम सांई ने बताया कि रामलीला का मंचन उतरप्रदेश वृन्दावन से श्री करूणामयी रामलीला मण्डल के कलाकार व पण्डित द्वारा प्रथम दिवस पर रामलीला में रामजन्म से पूर्व भगवान विष्णु व नारद का सम्मान किया गया। वहीं भगवान श्रीराम के प्रदर्शनी भी रखी गई है, रामलीला रोजाना 11 जनवरी तक रात्रि 8 से 10 बजे तक होगी। 11 जनवरी तक श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ व रामलीला का मंचन निरंतर जारी रहेगा। 11 व 12 जनवरी को देश भर से आये संत महात्माओं का धर्म संसद व संत दर्शन के साथ 13 जनवरी को यज्ञ अनुष्ठान, संत आर्शीवाद, समाधि पूजन, आरती प्रार्थना, पल्लव का आयोजन किया जायेगा।

**संतो का मिला आर्शीवादः-** महामण्डलेश्वर हंसराम उदसीन के तीर्थराज पुष्कर के महन्त हनुमानराम, किशनगढ़ से महन्त श्यामदास, सतना महन्त खिमयादास, रीवा से स्वामी हंसदास, संत स्वरूपदास, हरिद्वार से महंत गंगादास, सहित अजमेर के श्रीराम विश्वधाम के महन्त अर्जुनदास, तुलसी किशनधाम के स्वामी ईसरदास, संतदास, मनोहरदास, निर्मलधाम के स्वामी आत्मदास, जतोई दरबार के भाई फतनदास सहित संत महात्मा सम्मिलित

■ रामलीला के मंचन से श्रद्धालु हुये भाव विभोर

थे।समारोह में विधायक अनिता भदेल, कवंल प्रकाश किशनानी, महेन्द्र कुमार तीर्थाणी, नरेन शाहणी भगत, मोहन लालवाणी, महेश हिंगोराणी, पार्षद हेमलता खत्री, रश्मि हिंगोराणी, रमेश चेलाणी, शंकर सबनाणी, कन्हैयालाल खानचंदाणी, राजू किशनानी, नरेन्द्र बसराणी, घनश्याम आडवाणी, वर्षा बादलाणी, रिया ज्ञानाणी, वीना बदलाणी, जितेन्द्र रंगवाणी, हरिकिशन टेकचंदाणी, रूकमणी वतवाणी, भीष्म मोदियाणी, प्रकाश मूलचंदाणी, अजीत पमनाणी, रमेश मूलचंदाणी, राम बालवाणी, दीपक बालाणी, रमेश कलयाणी, कुमकुम छतवाणी, के.टी. वाधवाणी, भगवान साधवाणी, घनश्याम भगत, अशोक मंगलाणी, चन्द्रप्रकाश भगत सहित वीसनगर, कोटा, जोधपुर, जयपुर, अहमदाबाद, भीलवाडा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जैन महासमिति ने दी गर्म वस्त्र की सेवा

**अजमेर,** (कासं)। श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर संभाग एवं श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति अजमेर द्वारा जैन तीर्थंकर मुनि सुव्रतनाथ भगवान के पांच दिवसीय अष्टम स्थापना दिवस के उपलक्ष में मंगलवर को ज्ञानोदय भोजन शाला में सेवा दे रहे 8 कर्मियों एवं परिवार सहित 40 लोगों को सर्द हवाओ से राहत प्रदान कराने के उद्देश्य से गर्म वस्त्र की सेवाएं ज्ञानोदय तीर्थक्षेत्र नारेली प्रभारी ब्रह्मचारी सुकांत जैन के मुख्य आथित्य में वितरण की गई। श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के अध्यक्ष अतुल पाटनी ने बताया कि सामाजिक सरोकार के अंतर्गत समिति संरक्षक राकेश पालीवालएसमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी सहित अन्य भामाशाहों के सहयोग से दी गई। सेवा के अवसर पर समिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी, कोषाध्यक्ष श्रेयांश पाटनी, अनीता पाटनी, मनीष अजमेरा, अंजू अजमेरा, अमित वेद, सक्षम गंगवाल, प्रियंशी गंगवाल व प्रव्या जैन आदि मौजूद रहे।

### मौलाना तौकीर रजा की चादर पेश

**अजमेर,** (कासं)। ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें उर्स के मौके पर आला हजरत् क़ायदे मिल्लत (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की ओर से दरगाह में चादर पेश की गई। आईएमसी के युवा नेता फरहान रजा खां के नेतृत्व में बरेली से एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार अजमेर पहुंचा। दरगाह गरीब नवाज कमेटी के सचिव सैयद सरवर चिश्ती ने मौलाना तौक़ीर रज़ा की तरफ से भेजी हुई चादर पेश कर मुल्क में अमन चैन व तरक्की और सेहत व तंदुरुस्ती और कामयाबी के लिए दुआ की। इस अवसर पर फरहान रज़ा खान, नोमान रज़ा खान, शहज़ाद पठान नियाज़ी, रिज़वान हुसैन अंसारी, इमरान खान, रहबर अंसारी, निज़ाम कुरैशी, मोहसिन पठान, वासिफ यार खां बरेली से अजमेर चादर लेकर पहुचे थे।

### शिविर में 103 रोगी हुए लाभान्वित

**गुलाबपुरा/अजमेर,** (कासं)। प्राज्ञ मृगी रोग निवारक समिति गुलाबपुरा द्वारा माह के प्रथम मंगलवार को आयोजित कैंप 7 जनवरी को संस्था परिसर में लगाया गया। संस्था के मंत्री पदम चंद खटोड़ ने बताया की कैंप में वरिष्ठ डॉक्टर यश बैरवा ने अपनी सेवाए प्रदान करते हुए 103 मरीजों को सेवा प्रदान की एवं निशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर में अनिल चौधरी ने मरीजों को मृगी रोग से बचाव व योगा के बारे में विस्तार से समझाते हुए इसके नियमित रूप से करने पर जोर दिया। मंत्री पदमचंद खटोड़ ने संस्था की गतिविधियों के बारे में एवं अध्यक्ष घेवर चंद श्रीमाल ने लाभार्थी महिला मंडल केकड़ी का स्वागत अभिनंदन किया।

# 'अवध नगरी कहलाएगा हरित संगम मेला प्रांगण'

■ भूमि पूजन के साथ हुई ध्वज स्थापना, 10 जनवरी को वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा करेंगे मेले का उद्घाटन

**भीलवाड़ा।** अपना संस्थान एवं नगर निगम भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में 10 से 14 जनवरी तक आयोजित होने वाले हरित संगम 2025 स्वच्छता व पर्यावरण मेले के आयोजन स्थल चित्रकूट धाम मेला प्रांगण में आज भूमि पूजन एवं ध्वज स्थापना कार्यक्रम समाजसेवी तिलोकचंद छाबड़ा, अपना संस्थान प्रांत सचिव विनोद मेलाना, महानगर अध्यक्ष श्याम सिंह राठौड़, मेला संयोजक राधेश्याम सोमानी के सान्निध्य में संपन्न हुआ। अपना संस्थान के अंकुर बोरदिया ने बताया कि पूर्ण विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ आयोजित पूजन, हवन कार्यक्रम पूर्ण आहुति के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मेला प्रांगण में ही अतिथियों ने ध्वज स्थापना भी की। मेला प्रांगण को अवध नगरी का रूप दिया गया है। अपना संस्थान सचिव साधना मेलाना ने बताया कि पांच दिवसीय आयोजन का ओपचारिक उदघाटन 10 जनवरी को प्रातः 11 बजे राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा करेंगे। इसके तुरंत बाद खेल की रेल को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी, संस्थान सदस्य, मेला प्रबंधन टीम एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम में रजनीकांत आचार्य, कैलाश डाड, एडवोकेट राघव आचार्य, मुकेश चेचाणी, भवानीशंकर विश्नोई, दिनेश राठी, गोपाल लाल माली, अतुल काष्ट, गोपीकिशन, दिनेश विजयवर्गीय, संजय राठी, दीपा सिसोदिया, मधु लोढ़ा, दिव्या बोरदिया, आशा रामावत, विजया सुराणा, मंजू चेचाणी, सृष्टि सिंह, जिम्मी जैन, अरुणा पोखरना, रीना सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

■ सम्पर्क पोर्टल पेंडेंसी का समयबद्ध निस्तारण करें और संतुष्टि सुनिश्चित करें

**भीलवाड़ा।** राज्य बजट में जिले के लिए की गई घोषणाओं से संबंधित कार्य त्वरित गति से करें। अधिकारी बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए निरंतर फॉलो अप करें। सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों का तय समय में निस्तारण किया जाए। यह निर्देश जिला कलक्टर नमित मेहता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।

बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं और संपर्क पोर्टल के मामलों पर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, ई फाइलिंग, सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने बैठक में पीएचईडी, डिस्कॉम, यूआईटी, नगर निगम, चिकित्सा विभाग सहित सभी विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, सतर्कता समिति के बकाया सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करवाने के लिए जवाब भिजवाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसई एवीवीएनएल वी के संचेती को पीएम सूर्यघर योजना में लक्ष्य अनुरूप अब तक किए गए कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधीनस्थ को लक्ष्य का आवंटन करने तथा प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए

संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का निस्तारण समय तथा संतुष्टि प्रतिशत को सुधारें - उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए त्वरित कार्रवाई एवं फॉलो अप करें। विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की प्रगति से अपडेट रहने के साथ ही उच्च स्तर को भी सूचित करते रहें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सम्पर्क पोर्टल, माननीय मुख्यमंत्री एवं अन्य उच्च स्तरीय कार्यालयों से प्राप्त परिवादों का समयबद्ध निस्तारण करें। पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का निस्तारण समय तथा संतुष्टि प्रतिशत को सुधारें। उन्होंने कहा कि एल-1, एल-2 सहित समस्त स्तरों पर पेंडेंसी की जांच करें। कार्यालय स्तर पर औसत निस्तारण समय को कम करने के लिए प्रकरणवार समीक्षा की जाए। निस्तारित प्रकरणों का संतुष्टि स्तर जांचने के लिए जिला स्तर से परिवादियों से मोबाईल पर बात भी की जाए। उन्होंने कहा कि विभाग अपने से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी लाएं। इस दौरान एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया, ओएसडी यूआईटी चिमनलाल, सीएमएचओ डॉ सीपी गोस्वामी, एसई एवीवीएनएल वी.के. संचेती, खनि अभियंता चंदन कुमार, नगर निगम एक्सईएन सूर्यप्रकाश संचेती सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

# खेलकूद और क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

■ प्रगतिशील राजपूत सभा के तत्वाधान में आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। प्रगतिशील राजपूत सभा के तत्वावधान मे शीतकालीन अवकाश मे चल रही समाज की खेलकूद व क्रिकेट प्रतियोगिता का मंगलवा को अजमेर के जीएलओ ग्राउंड में समापन हुआ है।

प्रगतिशील राजपूत सभा अध्यक्ष बाबू सिंह पंवार ने बताया कि शीतकालीन अवकाश में समाज की खेलकूद ओर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जी. एल ओ क्रिकेट मैदान पर आयोजित हुआ।जिसमें क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच महाराणा प्रताप क्लब घुघरा घाटी और गनाहेड़ा के बीच खेला गया, जिसमें महाराणा प्रताप क्लब विजय रही।किकेट में 6 टीमों ने भाग लिया था। मेन ऑफ दी सीरीज गोविंद सिंह रहे।बेस्ट बोलर विराट सिंह बेस्ट बैट्समैन ईलू सिंह खेल रहे। प्रभारी नरेंद्र सिंह पंवार और नरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि दौड़ में 10आयु वर्ग तक में उज्ज्वल सिंहप्रथम और द्वितीय कुणाल रहे।11से18 आयु वर्ग में प्रथम गौरांग और द्वितीय रणवीर रहे।19 से 30आयु वर्ग में प्रथम अजय राज द्वितीय रितिक चौहान रहे।और छात्रा वर्ग में प्रथम पल्लवी द्वितीय अंशिका रही विजेता रहे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि लेखराज सिंह राठौड़, अध्यक्ष बाबू सिंह पंवार, संरक्षक प्रताप सिंह राठौड़ महामंत्री मुकेश सिंह भाटी, सत्यनारायण सिंह चौहान ने संबोधित किया,समाज की प्रतिभाओं को निखार लाने में प्रगतिशील राजपूत सभा निरन्तर प्रयास रत है।राजेंद्र सिंह पडियार, कोषाध्यक्ष घनश्याम सिंह चौहान, पार्षद रणजीत सिंह नरूका, विजय सिंह नाथावत, देवी सिंह चौहान, कैलाश सिंह भाटी, राजेश सिंह भाटी, रघुवीर सिंह ने पुरस्कार प्रदान किए।अंपायर सुरेंद्र सिंह सोलंकी और अनुपम ने की।व्यवस्थाओं में सहयोग कार्तिक सिंह और सौरभ सिंह ने किया।




क्रिकेट प्रतियोगिता का अजमेर के जीएलओ ग्राउंड में समापन हुआ ।

# गंज क्षेत्र में कचरा डिपो से आमजन परेशान

**अजमेर,** (कासं)। गंज क्षेत्र में पुलिस थाने के पीछे स्थित नगर निगम के गंज गोदाम कार्यालय के द्वार, यूनानी चिकित्सालय और प्राचीन सिंधी शिव मंदिर के पास बनाए गए कचरा डिपो ने स्थानीय व्यापारियों,नागरिकों और पर्यटकों के लिए गंभीर समस्या खड़ी कर दी है। व्यापारियों ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, कलेक्टर लोक बंधु, नगर निगम आयुक्त देसल दान, स्वास्थ्य अधिकारी दिलीप भंभानी और पार्षद अशोक मुद्गल से इस कचरा डिपो को जल्द से जल्द अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया, मजबूरन आंदोलन किया जाएगा। गंज व्यापारिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रामचंद तोलानी और ताराचंद लालवानी ने बताया कि नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और इंस्पेक्टर यहां बड़े समारोह स्थलों से कचरा लाकर डंप करवाते हैं। दुकानों और मंदिर के पास गीला कचरा जमा होने से क्षेत्र में बदबू और गंदगी का माहौल बन गया हैए जो देर शाम तक साफ किया जाता है। कचरे से उठने वाली दुर्गंध आसपास के इलाकों तक फैल जाती है, जिससे स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। महासंघ के अध्यक्ष महेंद्र बंसल, महासचिव रमेश लालवानी सहित अन्य व्यापारियों ने बताया कि नगर निगम होटल और समारोह स्थलों से यूजर चार्ज के रूप में शुल्क वसूलता है, लेकिन इनसे उत्पन्न कचरे को गंज क्षेत्र में डंप किया जा रहा है। यह कचरा डिपो न केवल व्यापारियों बल्कि लुहार बस्ती आने वाले ग्राहकों, जायरीन और पर्यटकों के लिए भी असुविधा का कारण बना हुआ है। व्यापारियों ने बताया कि यहां नगर निगम की लापरवाही से क्षेत्र की स्वच्छता और व्यापार प्रभावित हो रहा है। प्राचीन मंदिर और यूनानी चिकित्सालय के आसपास कचरा जमा होने से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का डर भी सता रहा है।

**नाम परिवर्तन**

मेरे पुत्र के आर्मी नं. 15222907K रैंक-NK नाम-SURESH BABU K है। यह कि मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम RETA दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम REETA से जाना जाये।

**नाम परिवर्तन**

मेरे आर्मी नं. 17014381W रैंक HAV नाम VIKRAM है। यह कि मेरे मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम NAITIK दर्ज है जो कि गलत है। M www जबकि भविष्य में मेरे को सही व वास्तविक नाम NAITIK RAJORIYA से जाना जाये।

# कम्प्यूटर अनुदेशकों ने की पदोन्नति की मांग

■ विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**अजमेर,** (कासं)। शिक्षा विभाग राजस्थान में कार्यरत वरिष्ठ एवं बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशकों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को मांग पत्र सौंपकर पदोन्नति की मांग की है।

देवराज यादव सहित अन्य ने देवनानी को सौंपे मांग पत्र में बताया कि कम्प्यूटर अनुदेशक के वर्तमान कैडर में बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक से वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक में पदोन्नति के पश्चात अन्य कोई भी पद सृजित नहीं एवं न ही पदोन्नति चैनल है, जिसको सामान्य शिक्षकों के कैडर की भांति अनुदेशक के स्थान पर वरिष्ठ अध्यापक (कम्प्यूटर विषय) व व्याख्याता (कम्प्यूटर विषय) पदोन्नति लाभ, स्टाफिंग पैटर्न लागू करना, कैडर में संशोधन व कैडर विस्तार करवाकर वेतन विसंगति दूर करवाने तथा वर्तमान डिजिटल युग में कम्प्यूटर शिक्षा की अनिवार्य जरूरत, महत्ता एवं एनईपी 2020 को ध्यान में रखते हुए कम्प्यूटर विज्ञान विषय को कक्षा 9 एवं 10 में अनिवार्य विषय के रूप में लागू करवाकर एवं उसके अंक माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अन्तर्गत संचालित अन्य विषयों की तर्ज पर अंकतालिका में शामिल करवाने चाहिए ताकि विद्यार्थी इस विषय में भी गंभीरता से अध्ययनरत रहें। मांग पत्र देने वालों में देवराज यादव, दीपक प्रजापत, असलम खान, पंकज, नरेश, योगेश, सुनील आदि उपस्थिति रहे।

# कैरिओकी सिंगर क्लब का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

■ शुभारम्भ क्लब के संरक्षक डॉ वाई के खन्ना और सुरेश उपाध्याय द्वारा गणपति वंदना कर किया

**ब्यावर ,** (निसं)। अजमेर रोड स्थित परशुराम भवन के सभागार में कैरिओकी सिंगर क्लब द्वारा अपना पंचम वार्षिकोत्सव गीत संगीत की बहारों के साथ मनाया गया। संगीत प्रेमी गायको का क्लब कार्यक्रम प्रति सप्ताह जेएमडी गार्डन में आयोजित किया जाता है और साल में एक बार पारिवारिक स्नेह मिलन के रूप में आमजन के लिए रखा जाता है। कार्यक्रम का शुभारम्भ क्लब के संरक्षक डॉ वाई के खन्ना द्वारा सरस्वती माँ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण और सुरेश उपाध्याय द्वारा गणपति वंदना कर किया गया।क्लब के अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया की कार्यक्रम में नए पुराने मधुर गीतों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुंजबिहारी शर्मा ने पहली बार मिले..निर्मल नायक ने किसी न किसी से... सुशील उपाध्याय ने ईश्क छुपता नहीं.... सुरेश उपाध्याय ने न मुँह छुपाकर... आशा संत ने हां मेरे जैसी हसीना... राहुलदेव मेहरा ने लाखो है निगाह में... नीलम राठोड ने शायराना सी है.. राधेश्याम प्रजापत ने छुपाना भी नहीं... राजेंद्र सोनी ने हुए है तुम पर... राकेश कंसोटिया ने दिल में हो तम.. हरीश गुजराती ने सुरीली आँखों वाले... हरीश कुमार ने तुम मुझे यू... संजय सिंह ने लेकर हम दीवाना दिल... रवि बोयत ने मै शायर तो नहीं.. विवेक घारू ने दुनिया हसीनो का मेला... आशीष सोनी ने मुझे रात दिन..रेखा सोनी ने देय्या देय्या देय्या रे.. आदि सुरीले गीतों की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम के दूसरे दौर में दो गानो के निर्मल नायक और नीलम राठोड ने दिल की ये आरज़ू... रवि बोयत और नीलम राठोड ने दिल की ये आरज़ू,,,आशीष सोनी और कोमल सोनी ने झिलमिल सितारों का..... आदि गीतों की प्रस्तुतिया दी जिसे दर्शको द्वारा बहुत सराहा गया। कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक रूप से बचना ऐ हसीनो.. और चलते चलते मेरे ये गीत... प्रस्तुत किया जिसमे क्लब के सभी सदस्यों ने जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य संगीत प्रेमियों गोविन्द उपाध्याय,राजेंद्र बाड़मेरा,गजराज आचार्य,मुकेश सोनी,संतोष कुमार ने अपपनी उपस्थिति दर्ज़ करवाते हुए कलाकारों की हौसला अफजाई की।कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शहर के लोकप्रिय जे स्काई चैनल पर सीधा प्रसारण भी किया गया था।



पंचम वार्षिकोत्सव गीत संगीत की बहारों के साथ मनाया गया।

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर**

क्रमांक: 1378 दिनांक: 31-12-2024

**जाहिर आम सूचना**

आवास संख्या 5-ख-5, आनासागर सरक्यूलर रोड, अजमेर क्षेत्रफल 67.50 वर्ग मीटर मूल आवटी श्री राघवेन्द्र प्रसाद गर्ग पुत्र श्री डी.पी. गर्ग को आवंटित कर दिनांक 09.01.1985 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री राघवेन्द्र प्रसाद गर्ग पुत्र श्री डी.पी. गर्ग की मृत्यु दिनांक 05.11.2010 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री जयप्रकाश गर्ग पुत्र स्व. श्री राघवेन्द्र प्रसाद गर्ग द्वारा मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था। मण्डल द्वारा श्री जयप्रकाश गर्ग पुत्र श्री राघवेन्द्र प्रसाद के पक्ष में दिनांक 05.09.2024 को मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्री जयप्रकाश गर्ग पुत्र श्री राघवेन्द्र प्रसाद द्वारा आवास का बैचान श्री राजकुमार लालवानी पुत्र श्री ईश्वरदास लालवानी को किया गया जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 939 में पृष्ठ संख्या 09 क्रम संख्या 202403002112045 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 3753 के पृष्ठ संख्या 324 से 335 पर दिनांक 08.11.2024 को चस्पा किया गया। अब श्री राजकुमार लालवानी पुत्र श्री ईश्वरदास लालवानी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री राजकुमार लालवानी पुत्र श्री ईश्वरदास लालवानी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (नगर पालिका) माण्डलगढ़ जिला-भीलवाड़ा**

E-mail: npmandalgarh@gmail.com Ph.- 01489-230036 Fax - 01489-23036

क्रमांक/न.भू.रू./न.पा.मा./2024-25/382 दिनांक 07/01/2025

प्रारूप - 10 नियम 6 (7)

लोक सूचना (आपत्ति आमंत्रण सूचना)

भू-उपयोग परिवर्तन हेतु

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं, कि निम्न आवेदक/संस्था द्वारा दिनांक 17 जून, 1999 के पश्चात् की कालावधि से कृषि भूमि का कृषि से गैर-कृषिक व्यावसायिक प्रयोजन हेतु निर्धारित प्रपत्र मे आवेदन, स्वामित्व दस्तावेज व मानचित्र के साथ पत्रावली नगर पालिका माण्डलगढ़ मे प्रस्तुत कर आवेदन किया हैं। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:-

| क्र. सं. | आवेदक/संस्था का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल | राजस्व ग्राम | वर्तमान भू-उपयोग | भू-प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फिनसर्व लिमिटेड (पूर्व नाम बैद लीजिंग एण्ड फाईनेंन कॉ-लिमिटेड) पता- बैद हाउस, द्वितीय तल, 1 तारानगर अजमेर रोड़, जयपुर एवं श्री मुकम्मल हुसैन खान पुत्र श्री मुजफ्फर हुसैन खान निवासी - न्यू शिव कॉलोनी, उदयपुर | 1218/499, 499, 502 | 19505 वर्गमीटर | माण्डलगढ | कृषि | गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय) भू-उपयोग परिवर्तन |

जिसके सम्बन्ध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो उजरदारी प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि में कार्यालय नगर पालिका माण्डलगढ़ में लिखित में आपत्ति/कारण/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं व्यक्ति/संस्था के पक्ष में भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही की जायेगी।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका माण्डलगढ़